भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1754
01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

लखनऊ मेट्रो रेल का विस्तार

1754. श्री उज्जवल रमण सिंहः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ मेट्रो की विस्तार योजना पिछले कई वर्षों से रुकी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) लखनऊ मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के पूरा हो जाने के बाद इस खंड पर प्रतिदिन कितने यात्रियों के यात्रा करने की संभावना है; और

(घ) लखनऊ मेट्रो परियोजना की वर्तमान अनुमानित लागत कितनी है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ) मेट्रो रेल प्रणाली की योजना शहरी विकास का हिस्सा है जो राज्य का विषय है। सीसीएस हवाई अड्डे से मुंशी पुलिया तक लखनऊ मेट्रो का नार्थ साउथ कॉरिडोर मार्च, 2019 में पूरा हुआ और यह परियोजना वर्तमान में चालू है। मार्च 2024 में उत्तर प्रदेश सरकार ने चारबाग से वसंत कुंज तक 11.165 किलोमीटर रूट की लम्बाई के लखनऊ मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर के निर्माण के लिए 5,801.05 करोड़ रूपए की अनुमानित पूर्ण लागत का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। मेट्रो रेल परियोजनाओं की लागत अधिक होती हैं जिनके लिए केन्द्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन/अनुमोदन सहित विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श करना अपेक्षित होता है। केन्द्र सरकार परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर मेट्रो रेल नीति, 2017 के प्रावधानों के अनुसार मेट्रो रेल प्रस्तावों के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 में लखनऊ मेट्रो के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर की अनुमानित दैनिक सवारियां 3,21,958 हैं।

*****